कोटद्वार, शुक्रवार
3 जनवरी 2025
वर्षः 46
अंकः 236 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### गन्ने के खेत में शव मिलने से मचा हड़कंप

रुड़की। ओसपुर गांव से सटे गन्ने के खेत में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमास्टम के लिए भिजवा दिया। साथ ही पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुल्तानपुर चौकी क्षेत्र के ओसपुर गांव से सटे एक खेत में सुबह गांव के कुछ महिलाएं चारा लेने कई थी। इस दौरान उन्हें वहां अर्धनग्न अवस्था में एक शव दिखाई दिया। जिसे देखकर महिलाएं घबरा गई और वापस गांव में जाकर उन्होंने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके में पहुंच गए, साथ ही सूचना चौकी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन शाम तक शिनाख्त नहीं हो पाई। मामले को संदिग्ध देखते हुए कोतवाली प्रभारी राजीव रोथाण और सीओ निहारिका सेमवाल ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

### सोलानी पार्क पर झगड़े के बाद गंगनहर में कूदी युवती लापता

रुड़की। युवक और युवती में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। जिसके बाद युवती ने गंगनहर में छलांग लगा दी। युवती के परिजनों ने एक युवक पर पुत्री को धक्का देकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गंगनहर में लापता हुई युवती की पीड़ित परिवार और पुलिस ने अपने स्तर से तलाश शुरू कर दी है। थाना सिडकुल गांव की एक युवती अपने एक दोस्त के साथ गंगनहर पहुंची थी। बताया जा रहा है कि नए साल पर इन दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों में काफी बहस हुई और युवती ने अचानक गंगनहर में छलांग लगा दी।

# मुख्यमंत्री ने 17वें कृषि विज्ञान सम्मेलन का पोस्टर किया जारी



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास में 17वें कृषि विज्ञान सम्मेलन एवं कृषि प्रदर्शनी के ब्रोशर और पोस्टर का विमोचन किया। यह कृषि महाकुंभ 20 फरवरी से 22 फरवरी 2025 को गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में प्रस्तावित है जो कि राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी एवं गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय के द्वारा संयुक्त रूप आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के कुलपति प्रो. एमएस चौहान ने बताया कि 17वें कृषि विज्ञान सम्मेलन में 50 से अधिक देशों के 04 हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन में पर्वतीय क्षेत्रों की कृषि में नवाचार, कृषि क्षेत्र में युवा पेशेवरों को बढ़ावा देने, डिजिटल एग्रीकल्चर, जलवायु परिवर्तन, स्मार्ट लाइवस्टॉक फार्मिंग जैसे विषय पर पैनल चर्चा की जाएगी। साथ ही विज्ञान में नई खोज के लिए गुणवत्तापरक शिक्षा, मधुमक्खी पालन की संभावनाएं, गरीबी और कुपोषण से मुक्ति के लिए नए उपाय जैसे विषयों पर सेमिनार का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर एक कृषि प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी जिसमें देश विदेश के 200 से अधिक संस्थान भाग लेंगे।

इस मौके पर महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, पंतनगर विवि के निदेशक शोध प्रो. अजित सिंह, संयुक्त निदेशक डॉ अनिल कुमार मौजूद थे।

### घर छोड़कर भागने वाले प्रेमियों के लिए हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

चंडीगढ़। हर दिन लगभग 90 याचिकाएं पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में ऐसी आती हैं, जिनमें घर छोड़कर भागने वाले प्रेमी जोड़े सुरक्षा की मांग करते हैं। इस बीच ऐसे मामलों की अधिकता को देखते हुए उच्च न्यायालय ने 12 गाइडलाइंस ही जारी कर दी हैं, जिनके आधार पर ऐसे मामलों में पुलिस काम कर सकती है। बेंच ने कहा कि ऐसा करने से हमारे हर दिन करीब 4 घंटे बच जाएंगे, जो इस तरह की याचिकाओं की सुनवाई में बर्बाद होते हैं। जस्टिस संदीप मुद्गिल की बेंच ने कहा कि यह पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह कपल को शेल्टर और जरूरी सुरक्षा प्रदान करे। अदालत ने कहा कि पुलिस को ऐसे मामलों में तत्काल प्रभाव से ऐक्शन लेना चाहिए। अदालत तो आखिरी विकल्प है, जहां तभी पहुंचना चाहिए, जब कहीं कोई सुनवाई न हो रही हो। जस्टिस मुद्गिल ने कहा कि संवैधानिक अदालतों का तो काम ही है कि वे नागरिकों सुरक्षा प्रदान करें।

# वनाग्नि सत्र से पहले सात नई पिरुल ब्रिकेट्स यूनिट तैयार होंगी

**राज्य ने वनाग्नि प्रबंधन के लिए पांच साल की कार्य योजना केंद्र सरकार के पास भेजी**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : वन विभाग आगामी वनाग्नि सत्र से पहले प्रदेश में सात नई पिरुल ब्रिकेट्स यूनिट तैयार कर देगा। इससे पिरुल एकत्रितकरण के जरिए वनाग्नि रोकथाम में मदद मिलेगी। इधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर वन विभाग ने वनाग्नि रोकथाम के लिए पांच साल की योजना तैयार करते हुए, केंद्र सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजी है।

प्रदेश में वनाग्नि का मुख्य कारण, जंगलों में चीड़ वन की अधिकता है। वन विभाग के नियंत्रणाधीन वनाच्छादित क्षेत्र में लगभग, 15.25 प्रतिशत चीड़ वन है। इसलिए वन विभाग चीड़ पिरुल को एकत्रित करते हुए, इसका प्रयोग पैलेट्स, ब्रिकेट्स बनाने में कर रहा है। इसके लिए स्वयं सहायता समूहों की मदद ली जा रही है, वर्तमान में विभाग इन समूहों को प्रति किलो तीन रुपए की दर से चीड़ एकत्रित करने का भुगतान करता है, जिसे मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में बढ़ाए जाने की तैयारी है। गत वर्ष विभाग ने स्वयं सहायता समूहों के जरिए, 38299.48 कुंतल चीड़ पिरुल एकत्रित किया, जिसके बदले समूहों को 1.13 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया गया। अपर प्रमुख मुख्य वन संरक्षक निशांत वर्मा के मुताबिक पिरुल एकत्रितकरण से वनाग्नि रोकथाम में प्रभावी कमी आती है।

**विभाग समय से तैयारी करें**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वनाग्नि रोकथाम के लिए, विभागों को समय से तैयारी करने को कहा गया है। प्रदेश में सात जगह नई ब्रेकेटस यूनिट बनने से ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा, साथ ही पिरूल से लगने वाली वनाग्नि में भी प्रभावी कमी आएगी। इसके साथ ही वनाग्नि रोकथाम के लिए भारत सरकार के पास पांच साल की कार्य योजना तैयार करके भेजी गई है।

**कोई सबूत नहीं, यह न्याय का मजाक**

# बांग्लादेश में चिन्मय दास को बेल नहीं मिलने पर भड़कीं पूर्व राजदूत



ढाका । बांग्लादेश की एक कोर्ट ने इस्कॉन के पूर्व पुजारी चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को जमानत देने से इनकार कर दिया है। चटगांव कोर्ट के इस फैसले पर बांग्लादेश में भारत की पूर्व राजदूत वीना सीकरी ने गहरी निराशा व्यक्त करते हुए इसे न्याय का मजाक बताया। साथ ही यह भी बताया कि कोई सबूत नहीं दिया गया है। सीकरी ने चिन्मय के खिलाफ देशद्रोह के आरोपों का समर्थन करने वाले सबूतों की कमी पर भी प्रकाश डाला। न्यूज एजेंसी 'एएनआई' से बात करते हुए सीकरी ने कहा, "मुझे लगता है कि यह बहुत दुखद है। यह दुखद है। यह न्याय का उपहास है कि चिन्मय कृष्ण दास को एक बार फिर जमानत देने से इनकार कर दिया गया। आप जानते हैं, उनकी गिरफ्तारी का कारण भी, उन्होंने उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया है, लेकिन कोई सबूत नहीं दिया गया है।" उन्होंने आगे कहा कि वे 25 अक्टूबर को किसी रैली के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन दिखाने के लिए कोई सबूत नहीं है... चटगांव अदालत में मामला दर्ज किया गया और चिन्मय दास को ढाका हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया और फिर चटगांव ले जाया गया। उस समय, जमानत देने से इनकार कर दिया गया जो बहुत ही असामान्य था और अदालत में वकीलों और समर्थकों के बीच भारी झड़प हुई और उसमें एक वकील की मौत हो गई।

### कार–पिकअप में भिंडत, एक की मौत, दो घायल

विकासनगर। हरबर्टपुर में बुधवार देर रात एक कार और पिकअप वाहन की आमने–सामने जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में कार सवार की मौत हो गई। जबकि पिकअप चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज लेहमन अस्पताल में चल रहा है। कोतवाल राजेश शाह ने बताया कि देर रात करीब ग्यारह बजे हरबर्टपुर चौक से विकासनगर की ओर से करीब आधा किलोमीटर दूर एक कार और पिकअप वाहन की आमने–सामने टक्कर हो गई। कार विकासनगर से हरबर्टपुर जा रही थी। जबकि पिकअप वाहन सहारनपुर से विकासनगर की तरफ आ रहा था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे के घायलों को लेहमन अस्पताल पहुंचाया। यहां कार सवार धर्मावाला निवासी 34 वर्षीय योगेश पुत्र राजेंद्र की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि पिकअप सवार बिट्टू पुत्र ईशम सिंह निवासी रतनपुरा बेहट तथा आदित्य पुत्र शर्म सिंह निवासी कलसिया बेहट का इलाज लेमन अस्पताल हरबर्टपुर में चल रहा है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# चीन ने बना डाला छठी पीढ़ी का लड़ाकू विमान, रडार में भी नहीं आएगा जेट



नई दिल्ली।पड़ोसी मुल्क चीन अपनी सैन्य शक्ति को तेजी से बढ़ा रहा है। अब चीन ने छठी पीढ़ी का लड़ाकू विमान बना लिया है। काफी एडवांस तकनीक से बने इस ख–36 लड़ाकू विमान के बाद चीन की सैन्य क्षमता में बड़ा उछाल आया है।

**रडार में नहीं आता ये फाइटर प्लेन**

चीन के नए लड़ाकू विमान ख–36 की सबसे बड़ी खासियत ये है कि इसका आकार त्रिकोणीय है, जिसमें पूंछ नहीं है। इसका ये डिजाइन विमान को दुश्मन के रडार से बचाता है। इसमें तीन मजबूत टर्बोफैन इंजन भी लगे हैं, जो इसे तेज रफ्तार के साथ ज्यादा उंचाई तक उड़ने में सक्षम बनाता है। इसमें लगे विशेष साइड–लुकिंग एयरबोर्न रडार इसे दुश्मन की नजरों से बचकर जासूसी करने और युद्ध में बड़ा फायदा पहुंचाते हैं।

**हथियार भी ले जा सकता है ये विमान**

चीन का ये विमान पांचवीं पीढ़ी के विमान से बड़ा होता है। इसमें हथियार भी ले जाए जा सकते हैं। जे–36 का वजन 55 टन है, जिसके चलते इसमें ज्यादा ईंधन रखने की क्षमता भी होती है। ये 3000 किमी की दूरी तक उड़ान भर सकता है।

**कैसे तय होती है लड़ाकू विमान की जनरेशन**

लड़ाकू विमानों की जनरेशन उनकी तकनीकी, डिजाइन और क्षमताओं के आधार पर तय होती है।

सबसे पहले लड़ाकू विमान दूसरे विश्व युद्ध के अंतिम वर्षों में आए। ये विमान पिस्टन इंजन से संचालित थे। इसी पीढ़ी में पहली बार जेट इंजन का उपयोग किया गया था। ये विमान मुख्य रूप से हवाई लड़ाई और बमबारी के लिए उपयोग किए जाते थे।



## एक नजर

### अध्यक्ष पद पर भाजपा कांग्रेस में होगा मुकाबला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : नगर पंचायत चुनाव में नाम वापसी के बाद अध्यक्ष पद अब दो प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। जबकि सभासद पद पर आठ प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। गुरुवार को एक प्रत्याशी सतेन्द्र सिंह रावत ने नाम वापसी की है। उन्होंने निर्दलीय सभासद पद चुनाव लड़ने के लिए नामांकन किया था। नाम वापसी के बाद अध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती विनीता नेगी, कांग्रेस प्रत्याशी बीरा देवी नेगी, जबकि सभासद पद पर प्रत्याशी पार्वती देवी, दलीप सिंह नेगी, दीपा देवी, हीरा सिंह रावत, साक्षी नेगी, वीरेन्द्र सिंह नेगी, सरिता, मनवर सिंह भंडारी चुनाव मैदान में है।

### नाटक के माध्यम से किया बढ़ती महगांई पर कटाश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नवांकुर नाट्य समूह द्वारा प्रसिद्ध रंगकर्मी सफदर हाशमी की याद में लोवर बाजार में नुक्कड़ नाटक समरथ को नहीं दोष गुसाईं का मंचन किया गया। नाटक का शुभारंभ रविंद्र रावत ने किया। इस दौरान नाटक के माध्यम से बढ़ती महगांई पर कटाक्ष किया गया। इस दौरान समूह के पदाधिकारियों ने कहा कि सफदर हाशमी सत्तर के दशक में गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर में अंग्रेजी विषय के प्रोफेसर थे। नाटक में अंशुल भटट, शंकर राणा, अरमान, सुधांशु नौड़ियाल, शुभम बिष्ट, अफ्फान आदि ने अभिनय किया।

### प्लास्टिक के कूड़े की सफाई में जुटी पर्यावरण मित्रों की टीम

गोपेश्वर : बर्फबारी के बाद औली की वादियां गुलजार हैं। साथ ही यहां पहुंच रहे पर्यटकों की बर्फ से ढके बुग्याल में चहलकदमी से पूरा औली प्लास्टिक कूड़े से पटता जा रहा है। औली में बर्फ के ऊपर प्लास्टिक की बोतलें और रैपर बिखरे पड़े हैं। साथ ही हर रोज सांय को चलने वाली तेज बुग्याली हवा से प्लास्टिक कूड़ा एक जगह से उड़कर दूसरी जगह जा रहा है, जिससे औली की सुन्दरता खराब हो रही है। बर्फ से ढकी औली की सुन्दरता को बचाने व यहां पर्यटकों द्वारा फैलाये गए कूड़े को एकत्रित करने का काम नगर पालिका परिषद जोशीमठ के पर्यावरण मित्रों ने शुरू कर दिया है। पालिका ईओ हयात सिंह रौतेला व सफाई सुपरवाइजर अनिल कुमार ने बताया कि 25 दिसंबर से नए वर्ष के जश्न तक औली में भारी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने से पूरी औली की वादियां प्लास्टिक कूड़े से पटने लगी थी, जिस कारण पालिका ने अपने पर्यावरण मित्रों की 6 सदस्यीय टीम के साथ पूरे औली में बर्फ के ऊपर बिखरे कूड़े को एकत्रित किया। 90 किलो से अधिक प्लास्टिक कूड़ा एकत्रित कर उसे पालिका के काम्पैक्टर प्लांट में लाया गया है।

### सूखा और गीला कूड़ा पृथक नहीं किया तो लगेगा जुर्माना

गोपेश्वर : अब सड़क पर कूड़ा फेंकना और सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग न किया तो जुर्माना लगेगा। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने अधिशासी अधिकारियों को नगर निकाय क्षेत्रों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और सोर्स सेग्रीगेशन पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर वासियों को जागरूक करें और घर से सूखा और गीला कूडा सेग्रिगेट करके कलेक्शन करें तथा उसका उचित निस्तारण किया जाए। गंगा नदी में ठोस अपशिष्ट ले जाने वाले नालों पर जाली लगाकर प्लास्टिक कचरे और अपशिष्ट को सीधे नदी में जाने से रोका जाए। जिलाधिकारी ने गुरुवार को महत्वपूर्ण बैठक में नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा प्रत्येक नगर पालिका व नगर पंचायत में सबसे पहले किसी एक वार्ड को चयनित करें और उस वार्ड में घर पर ही सूखा व गीला कूड़ा पृथक करने के लिए लोगों को जागरूक करें।

# महापौर के तीन प्रत्याशियों ने वापस लिया नाम

## पूर्व सैनिक गजेंद्र मोहन धस्माना ने भाजपा प्रत्याशी को दिया समर्थन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : निकाय चुनाव में महापौर के तीन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। ऐसे में अब भाजपा-कांग्रेस सहित छह प्रत्याशियों के बीच ही चुनावी मुकाबला होगा। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी गजेंद्र मोहन धस्माना ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया है।

कोटद्वार नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशी शैलेंद्र सिंह रावत, कांग्रेस प्रत्याशी रंजना रावत, पूर्व सैनिक महेंद्र पाल, गजेंद्र मोहन धस्माना, गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, चंद्रपाल, बसपा प्रत्याशी महेश नेगी, यूकेडी प्रत्याशी महेंद्र रावत व आम आदमी पार्टी से विनोद रावत ने नामांकन किया था।



कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते गजेंद्र मोहन धस्माना

गुरुवार को नामांकन वापसी का दिन था ऐसे में निर्दलीय प्रत्याशी गजेंद्र मोहन धस्माना, आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी विनोद रावत व निर्दलीय प्रत्याशी चंद्रपाल ने अपना नाम वापस ले लिया। निकाय चुनाव में महापौर पद का मुकाबला अब भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र सिंह रावत, कांग्रेस प्रत्याशी रंजना रावत, बसपा प्रत्याशी महेश नेगी, यूकेडी प्रत्याशी महेंद्र रावत, पूर्व सैनिक महेंद्र पाल व गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल के मध्य होगा। ऐसे में जनता इन प्रत्याशियों में से किस पर अधिक भरोसा करती है इसका पता 25 जनवरी की तिथि ही बताएगी।

### बागी बनें गजेंद्र को मनाया

भारतीय जनता पार्टी से बागी बनें निर्दलय प्रत्याशी गजेंद्र मोहन धस्माना को मनाने में भाजपा सफल रही। उन्होंने गुरुवार को अपना नाम वापस ले लिया। इसके साथ ही भाजपा ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। गजेंद्र मोहन धस्माना ने कहा कि वह कई महीनों से बालासौड़ स्थित वार्ड में पार्षद की तैयारी कर रहे थे। उन्हें उम्मीद थी कि इस बार सामान्य सीट होगी। लेकिन, इस बार भी सीट आरक्षित हो गई। उन्होंने आपत्ति भी दर्ज करवाई। लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हुई। कहा कि पिछले कई सालों में विधानसभा में विकास के कार्य भी धरातल पर नहीं उतर पाए है, जिससे नाराज होकर उन्होंने मेयर पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी का नामांकन किया। कहा कि उन्होंने पार्टी प्रत्याशी को कोटद्वार विधानसभा के समग्र विकास के लिए 28-सूत्रीय मांग पत्र दिया है। उन्हें विश्वास है कि उनके मांग पत्र पर सुनवाई होगी।

### नौ पार्षदों के पर्चे निरस्त

नगर निगम क्षेत्र में पार्षद पद पर अपनी किस्मत आजमाने उतरे नौ पार्षदों के पर्चे निरस्त हो गए हैं। चालीस वार्डों में कुल 187 प्रत्याशी उतरे थे। ऐसे में अब इनकी संख्या 178 रह गई है। वहीं, वार्ड नंबर 36 में भारतीय जनता पार्टी ने कोई भी प्रत्याशी खड़ा नहीं किया। इसका कारण पार्टी से दावेदारों की संख्या अधिक होना बताया जा रहा है। वहीं, कई पार्षदों ने अपने नामांकन भी वापस लिए हैं जिनकी देर शाम तक तहसील में लिस्ट तैयार होती रही।

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शिविर का हुआ शुभारंभ

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज झंडीचौड़ में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ हो गया है। इस दौरान विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

आयोजित शिविर का शुभारंभ जिला समन्वयक परितोष रावत, प्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह नेगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिला समन्वयक परितोष रावत ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को बताते हुए स्वयं सेवकों को अनुशासित रहकर सेवा भाव जागृत करने को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि स्वयं की इच्छा से सामुदायिक सेवा के माध्यम से युवा छात्रों के चरित्र व व्यक्तित्व का विकास करना इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य है। कार्यक्रम अधिकारी गणेश बडोला व सह कार्यक्रम अधिकारी सुभाष थलेडी ने स्वयं सेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के बारे में बताया। इस दौरान स्वयं सेवियों ने गढ़वाली गानों पर मनमोहन प्रस्तुति दी। साथ ही विद्यालय के आसपास स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इस मौके पर कैलाश थपलियाल, शैलेंश बहुखंडी, सोहन लाल, गजेंद्र गुसाईं, सूर्यमोहन रावत, जगदीश गौड़ आदि मौजूद रहे।

### विदाई समारोह में पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : देवी मंदिर समिति की ओर से आयोजित विदाई समारोह में पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट का सम्मानित किया गया।

मंदिर समिति के अध्यक्ष राजाराम अण्थ्वाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह के कार्यों का लेखाजोखा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात समिति की तरफ से उन्हें अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मंदिर समिति का अध्यक्ष रहते हुए प्रताप सिंह बिष्ट ने सराहनीय कार्य किए। कहा कि उनके अधूरे कार्यों को समिति पूरा करने का भरसक प्रयास करेगी। इस मौके पर पूर्व पदाधिकारी पातीराम ध्यानी, मायाराम पुरोहित, कालिका प्रसाद नैथानी, डा. चंद्रमोहन बड़थ्वाल, गोविंद प्रसाद सेमवाल, हीरा सिंह बिष्ट, महावीर सिंह रावत, उमाकांत बडोला, डा. शक्तिशैल कपरवाण, राजेंद्र प्रसाद सिलमाना, डा. जेपी ध्यानी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के सचिव विजय ध्यानी, वीरेंद्र सिंह रावत, सत्य प्रकाश भारद्वाज, विपिन चंद्र बड़थ्वाल, रवींद्र सिंह चौहान, विजय रावत, मनोज द्विवेदी मौजूद रहे।

## दूसरे दिन भी नहीं दी विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ज्वाइनिंग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला अस्पताल पौड़ी में गुरुवार को भी दूसरे दिन किसी विशेषज्ञ डॉक्टर ने ज्वाइनिंग नहीं दी। स्वास्थ्य विभाग ने जिले के आस पास के अस्पतालों के करीब नौ चिकित्सकों को जिला अस्पताल में तैनात किया है। पहले दो दिन अस्पताल में करीब दो सौ ओपीडी दर्ज हुई। जबकि 18 मरीजों को आकस्मिक सेवा व दो केस रेफर हुए है।

पीपीपी मोड से हटने के बाद से बीते बुधवार से जिला अस्पताल पौड़ी का संचालन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है, लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी विशेषज्ञ चिकित्सक यहां नहीं पहुंचे हैं।

विशेषज्ञ चिकित्सकों के नहीं होने से व्यवस्था पर तैनात किए गए चिकित्सकों ने शहर की स्वास्थ्य सेवाओं का जिम्मे संभाले रखा। इसके साथ ही पीपीपी मोड में संचालित हो रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाबौ, घंडियाल व बीरोंखाल में भी सीएमओ ने चिकित्सकों की तैनाती कर दी है। अब जिला अस्पताल पौड़ी सहित इन चार स्वास्थ्य केंद्रों में 19 चिकित्सकों को तैनात किया गया है। जिला अस्पताल में पीएमएस की जिम्मेदारी संभाल रहे एसीएमओ डॉ. रमेश कुंवर ने बताया कि पहले दो दिन अस्पताल में करीब दो सौ ओपीडी दर्ज हुई। जबकि 18 मरीजों को आकस्मिक सेवा व दो केस रेफर हुए। बताया कि गुरुवार को अस्पताल में पहला प्रसव भी दर्ज हुआ। जो कि सीएचसी पाबौ से रेफर होकर आया था। इधर, सीएमओ डा. प्रवीण कुमार का कहना है कि जिला अस्पताल में दूसरे दिन भी विशेषज्ञ डाक्टरों ने ज्वॉइनिंग नहीं दी। व्यवस्था के लिए आसपास के अस्पतालों से डॉक्टरों को तैनात किया गया है।

## बजरंग दल ने दी क्रमिक अनशन की चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बजरंग दल ने दो महीने पहले पूर्व सैनिक एवं विहिप के कार्यकर्ता के साथ मारपीट के आरोपियों के खिलाफ अभी तक कार्रवाई नहीं होने पर रोष व्यक्त किया। विहिप के पदाधिकारियों ने कहा कि लंबा समय बीतने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे लोगों में नाराजगी बनी हुई है। कहा कि जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होने पर बजरंग दल क्रमिक अनशन के लिए बाध्य होगा। गुरुवार को बजरंग दल ने एसएसपी कार्यालय में ज्ञापन दिया। इस दौरान दल के जिला संयोजक अरुण चमोली, मातंग मलासी आदि ने कहा कि दो महीने पहले कुछ शरारत्ती तत्वों ने पूर्व सैनिक एवं विहिप के कार्यकर्ता के साथ मारपीट की थी। मारपीट में पूर्व सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ज्ञापन में रोशनी बिष्ट, रिकी देवी, लक्ष्मण सिंह, अर्चना देवी आदि के नाम शामिल थे।

# वीरांगना बीना नेगी को संगठन ने किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गौरव सेनानी संगठन 11वीं गढ़वाल राइफल्स की ओर से बटालियन का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सदस्यों ने शहीद प्रभाकर नेगी की पत्नी बीना नेगी को सम्मानित किया।

तड़ियाल चौक स्थित एक रेस्टोरेंट में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सदस्यों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि देश की रक्षा में भारतीय सेना का मुख्य योगदान है। सीमा पर खड़े वीर सैनिकों की बदौलत ही हम देश में स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कहा कि अभिभावकों को भी अपने बच्चों को सेना के प्रति जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम में बटालियन के सूबेदार मेजर (सेनि.) वीरेंद्र सिंह गुसाई ने बटालियन के इतिहास के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान बटालियन के शहीद प्रभाकर नेगी की पत्नी बीना नेगी को सम्मानित किया



आयोजित कार्यक्रम में शहीद प्रभाकर नेगी की पत्नी बीना नेगी को सम्मानित करते सदस्य

गया। कहा कि देश की रक्षा में दिया गया प्रभाकर नेगी का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। महिलाओं ने गढ़वाली गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष रवींद्र सिंह, हरपाल सिंह नेगी, जीतेंद्र सिंह, सुभाष कुकरेती, गजेंद्र सिंह, प्रवीन सिंह, वीरेंद्र सिंह, दिनेश चंद्र, महावीर सिंह, भगत सिंह आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को नशे के प्रति किया जागरूक



आयोजित एनएसएस शिविर का शुभारंभ करते अतिथि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : लालपुर स्थित वीणा विद्या मंदिर हाईस्कूल में मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ हो गया है। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।

शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य चंदन सिंह, पीएल खंतवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। हम सभी को एकजुट होकर इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। पूर्व जिला समन्वयक परितोष रावत ने विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताया। कहा कि शिविर के माध्य से विद्यार्थियों को समाज सेवा का मौका मिलता है। इस दौरान विद्यार्थियों को मतदान, रक्तदान के प्रति भी जागरूक किया गया। इस मौके पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी मनीष मधवाल, अरूण, दलजीत सिंह, हिमांशु द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## 15 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : निकाय चुनाव को लेकर बनी थाना थलीसैंण फ्लाइंग स्कॉयड की पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को 15 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अपर उप निरीक्षक तनवीर अहमद ने बताया कि निकाय चुनाव के तहत नगर पंचायत थलीसैंण में थाना थलीसैंण फ्लाइंग स्कॉयड पुलिस टीम द्वारा मदन सिंह निवासी ग्राम कपरोली, थलीसैंण ब्लॉक को 15 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ फॉरेस्ट गेस्ट हाउस तिराहा से गिरफ्तार किया गया। बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में जसवंत सिंह, दिलदार राणा आदि शामिल थे।

## नाम वापसी के बाद नंदप्रयाग में एक, नंदानगर में दो वार्ड सदस्य हुए निर्विरोध निर्वाचित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : चमोली जिले की 10 निकाय क्षेत्रों में 02 जनवरी को नाम वापसी का समय समाप्त हो गया है। जिले में 10 अभ्यर्थियों ने अध्यक्ष पद से तथा 11 अभ्यर्थियों ने वार्ड सदस्य के पद से अपना नामांकन वापस ले लिया है।

नगर पालिका परिषद गोपेश्वर में अध्यक्ष पद पर चुनाव से मोहन प्रसाद ने अपना नाम वापस ले लिया है। नगर पंचायत गैरसैंण में अध्यक्ष पद से कुंवर सिंह और सुरेन्द्र सिंह ने अपना नाम वापस लिया है। नगर पंचायत थराली में गोविन्दी देवी तथा नगर पंचायत पोखरी में प्रतीमा देवी ने अध्यक्ष पद से अपना नामांकन वापस लिया है। नगर पंचायत नंदप्रयाग में सबसे ज्यादा 05 अभ्यर्थियों ने अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने से अपना नामांकन वापस लिया है। इसमें चन्दन सिंह, शैलेंद्र सिंह, संदीप सिंह रावत, नरेंद्र सिंह और तेजवीर सिंह शामिल है। जबकि नगर पालिका कर्णप्रयाग, ज्योर्तिमठ, गौचर, नगर पंचायत पीपलकोटी और नंदानगर में किसी भी अभ्यर्थी ने अध्यक्ष पद से अपना नामांकन वापस नही लिया है। इस प्रकार नगर पालिका गोपेश्वर में अध्यक्ष पद के लिए 03, कर्णप्रयाग में 09, गौचर में 04, ज्योर्तिमठ में 03 तथा नगर पंचायत पीपलकोटी में 05, गैरसैंण में 05, थराली में 03, पोखरी में 04, नंदप्रयाग में 05 और नंदानगर में 02 प्रत्याशी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में है। इस प्रकार 10 निकायों में अध्यक्ष के लिए 43 प्रत्याशी मैदान में है। वही सदस्य पद के चुनाव से नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग में भीम सिंह व सुनील नैनवाल, ज्योर्तिमठ में अरुण कुमार शाह, नगर पंचायत गैरसैंण में प्रकाश गौड़ व मृणाल रतूडी, थराली में अनीता व सीमा,

पोखरी में जितेन्द्र प्रसाद नंदप्रयाग में सुरजीत और नंदानगर में विक्रम सिंह व बाग सिंह ने सदस्य पद से अपना नामांकन वापस ले लिया है। जबकि विभिन्न वार्डो से 179 प्रत्याशी सदस्य पद के लिए मैदान में है। नाम वापसी के बाद नगर पंचायत नन्दप्रयाग में वार्ड सं0-1 मुनियाली में कांग्रेस प्रत्याशी विनिता सदस्य पद पर निर्विरोध निर्वाचित हो गई है।


## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज (कनिष्ठ खण्ड) महोदय कोटद्वार गढ़वाल**
**उत्तराधिकार प्रार्थना पत्र संख्या 04 सन् 2024**

कुमारी अनुष्का सिंह --प्रार्थिनी
बनाम
आम जनता -- विपक्षी
समन बनाम- आम जनता।

चूंकि प्रार्थिनी ने एक उत्तराधिकार प्रार्थनापत्र धारा 370/372 इंडियन सक्सेशन एक्ट के अन्तर्गत मृतक श्रीमती प्रभा पुण्डीर पत्नी स्व0 लखपत पुण्डीर, निवासी अलकनन्दा इन्क्लेव, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून के भारतीय स्टेट बैंक, सहारनपुर रोड़, देहरादून के बचत खाता संख्या -10140031024 में मृतक के नाम पर जमा धनराशि मुबलिंग 2,78,761.54 रूपये (दो लाख अठहत्तर हजार सात सौ चौवन पैसे) की धनराशि को प्राप्त करने हेतु मेरे न्यायालय में प्रस्तुत किया है। लिहाजा जिस किसी को प्रार्थी के हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने में एतराज हो वह बवक्त 10 बजे दिन मेरे न्यायालय स्थान कोटद्वार में दिनांक 17-01-2025 को हाजिर होकर एतराज प्रस्तुत करे। अन्यथा मामले में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के आज दिनांक 02-01-2025 को जारी किया गया।

**सिविल जज (कनिष्ठ खण्ड)**
**कोटद्वार गढ़वाल।**


## सरनौल सुतुड़ी-सरूताल ट्रैक के लिए 74.20 लाख स्वीकृत

उत्तरकाशी : सरनौल से सरुताल तक 22 किमी. ट्रैकिंग मार्ग की मरम्मत, रेन शेल्टर और केम्पिंग शेड निर्माण के लिए शासन ने 74.20 लाख की धनराशि स्वीकृत कर दी है। शासन से 40 लाख रुपये की धनराशि रिलीज कर दी गई है। सचिव पर्यटन ने निदेशक पर्यटन को प्रेषित पत्र में 31 मार्च तक हर हाल में कार्य पूरा करने के निर्देश जारी किए हैं। दरअसल, यमुनोत्री क्षेत्र स्थित विकासखंड नौगांव को मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित किया जाना है। इसके लिए पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्ताव, परीक्षण और सभी औपचारिकताएं पूरी कर धन स्वीकृत किया गया। पर्यटन सर्किट की स्वीकृति और धन रिलीज के लिए भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सुतुडी सरूताल ट्रैक जल्द ही भारत के मानचित्र पर होगा। माना जा रहा है कि सरकार की ओर से धनराशि स्वीकृत होने के बाद इस ट्रैक पर पर्यटकों की आमद बढ़ेगी। इससे स्थानीय लोगों के होम स्टे, होटल-दाबे, घोड़े-खच्चर, वाहन स्वामियों,स्थानीय उत्पादन, दूध-घी, भेड़ बकरियों ऊन से बने अनेक वस्त्र उचित मूल्य पर बिक्री होंगे, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के द्वार खुलेंगे। (एजेंसी)

# नहीं हुए धूप के दर्शन, बढ़ी परेशानी



कोटद्वार में ठंड से बचाव को अलाव का सहारा लेते लोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर और आसपास के क्षेत्र में कड़ाके की सर्दी पड़ने से लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से सूर्यदेव के दर्शन के लिए लोग तरस गये हैं। आलम यह है कि लोग दोपहर में भी अलाव के सहारे अपने कामकाज निपटा रहे हैं। धुंध से सबसे ज्यादा प्रभावित बुजुर्ग और छोटे बच्चे हो रहे हैं। पिछले तीन दिनों से पूरा क्षेत्र कोहरे के आगोश में है। शुरू के दो दिन तो कुछ क्षणों के लिए सूर्यदेव के दर्शन हुए भी, लेकिन गुरुवार को दिनभर कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण तापमान में भी काफी गिरावट दर्ज की गई है।


## उत्तर रेलवे

### शुद्धिपत्र

**विषयः– निविदा सूचना संख्या 279–DRM-MB-24-25 dated 26.12.2024. के सम्बन्ध में**
उपरोक्त निविदा दिनांक 20.01.2025 को खोली जानी है । निविदा को संशोधित किया गया है नयी संशोधित (Modified Value) को पढ़ा जाये, निविदा की अन्य नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी ।

| Field Name | Existing Value | Modified Value |
|---|---|---|
| Earnest Money (INR) | 386500.00 | 264700.00 |
| Advertised Value (INR) | 47298769.03 | 22945286.07 |

USSOR 2021
(i) Deleted Item no.084051 (ii) Added Item no.084041, 172048 & 172058 (iii) Modified Item no.135013, 137021, 172047, 172057, 172061, 172062, 172063 & 202011

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 11/25


# एसएमसी मेरुड़ा ने जीता सर्वश्रेष्ठ एसएमसी का पुरस्कार

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** संकुल केंद्र मठाली, जयहरीखाल में सपनों की उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत अभिभावक, समुदाय एवं बच्चों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। सर्वश्रेष्ठ विद्यालय प्रबंधन समिति पुरुस्कार हेतु राजकीय प्राथमिक विद्यालय मेरुड़ा की विद्यालय प्रबंधन समिति की शानदार डॉक्यूमेंटेशन युक्त फाइल का चयन दो निर्णायकों की समिति द्वारा किया गया। बेहतरीन कार्यों हेतु समिति को सर्वश्रेष्ठ एमएमसी के पुरस्कार से नवाजा गया। इस मौके पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी संकुल समन्वयक श्रीमती आरती रावत, जय श्री कंडवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने



बताया कि समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सामुदायिक सहभागिता के तहत इन कार्यक्रमों का आयोजन संकुल स्तर से लेकर विकासखंड और जनपद स्तर पर किया जाना है। इस मौके पर कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में राप्राvi खुबानी की श्रीमती पूजा देवी, राप्राvi सिलवाड़ की सविता देवी, राप्राvi बड़गाँव की सुनीता देवी, नींबू दौड़ प्रतियोगिता में राप्राvi मठाली की ममता देवी, राप्राvi बड़गांव की श्रीमती सुनीता देवी, राप्राvi खर्का की लक्ष्मी देवी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। रैंप वाक प्रतियोगिता में राप्राvi बड़गाव सरिता देवी, सानवी ने प्रथम, श्रीमती नीलिमा, आकृति ने द्वितीय, राप्राvi खर्का से लक्ष्मी देवी व राधिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग की लोकगयान प्रतियोगिता में राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय पैनलगांव, राउप्राvi खुबानी, लोकनृत्य प्रतियोगिता में राप्राvi बड़गांव सुनीता देवी व आस्था, राप्राvi बुद्धगांव से श्रीमती किरण व दिव्यांशी, राप्राvi मेरूड़ा से अनीता देवी व अंकित धस्माना, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में राउप्राvi खुबानी, राउप्राvi पैनलगांव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रदर्शनी एवं स्टॉल में राप्राvi बड़ागांव पहले, राप्राvi खर्का दूसरे, राप्राvi मेरुड़ा तीसरे स्थान पर रहा। इस मौके पर सुरेन्द्र सिंह रावत, दीपा रानी, पूनम बिष्ट, सरला चमोली, मनीषा जोशी, निधि नौटियाल, नेहा मोहन, रविंद्र कुमार, अवधेश खंतवाल, मंजू कपूर, बीना रावत, नीरू अग्रवाल जयश्री कंडवाल, राजीव थपलियाल आदि मौजूद थे।

## एक लाख की चरस के साथ एक गिरफ्तार

उत्तरकाशी : कोतवाली उत्तरकाशी पुलिस ने 550.5 ग्राम अवैध चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इस चरस की बाजार कीमत करीब एक लाख रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मामला दर्ज किया है। उत्तरकाशी पुलिस द्वारा चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के क्रम में बीती रात्रि में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उत्तरकाशी अमरजीत सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान कुटेटी देवी बैरियर के पास लम्बगांव रोड से 34 वर्षीय महिपाल पुत्र विजपाल निवासी ग्राम किशनपुर, मानपुर को 550.5 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। उसे गुरुवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। टीम में चौकी प्रभारी बाजार दीपशिखा, ललिता प्रसाद, गिरीश भट्ट, रुचि आदि थे। (एजेंसी)


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 268-DRM-MB-24-25 17.12.2024 | 276-DRM-MB-24-25 20.12.2024 | 277-DRM-MB-24-25 20.12.2024 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Replacement of channel sleepers with H-beam sleepers (778 nos) on Bridge No- 1259 DN (Span 16 x 21.65 M) in the section of ADEN/RK under Sr.DEN-1/MB | Construction of through safety fencing / boundary wall at various locations (Km 1526.00 to 1542.00) in the section of PWI/LRJ under ADEN/RK. | Construction of through safety fencing / boundary wall at various location (Km 1542.00 to 1561.00) in the section of PWI/RK under ADEN/RK |
| निविदा का प्रकार | Works | Works | Works |
| अनुमानित लागत (रु.) | 2,57,39,173.06 | 6,11,25,350.46 | 7,12,43,410.17 |
| धरोहर राशि (रु.) | 2,78,700.00 | 4,55,600.00 | 5,06,200.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 23.01.2025 / 16:00 | 23.01.2025 / 16:00 | 23.01.2025 / 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 09.01.2025 | 09.01.2025 | 09.01.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 08 माह | 08 माह |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 01.01.2025 12/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### रुद्रप्रयाग नपा में अध्यक्ष पद के चार प्रत्याशियों में होगा मुकाबला

रुद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में चारों प्रत्याशी मैदान में डटे हैं। नाम वापसी के दिन किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम वापस न लेने से अब चारों प्रत्याशियों में मुकाबला रोचक होगा। निर्दलीय प्रत्याशियों के मैदान में रहने से भाजपा-कांग्रेस के लिए जीत फतह करना बड़ी चुनौती होगा। सात वार्ड वाली रुद्रप्रयाग नगर पालिका में करीब 7800 वोटर हैं। ऐसे में करीब साढ़े 3 हजार वोट पर पकड़ रखने वाला प्रत्याशी चुनाव में जीत हासिल कर सकता है। भाजपा से चन्द्रमोहन सेमवाल और कांग्रेस से दीपक भंडारी को पार्टी के पार्टी कैडर वोट का फायदा मिलेगा। वहीं कांग्रेस से बागी निर्दलीय प्रत्याशी संतोष रावत और निर्दलीय प्रत्याशी अशोक चौधरी जनाधार के बल पर मैदान में हैं। ऐसे में भाजपा-कांग्रेस के सामने दोनों निर्दलीय प्रत्याशी मुसीबत का सबब बने हैं। हालांकि भाजपा और कांग्रेस अपने प्रत्याशियों की जीत को लेकर आश्स्वत है और दोनों ही राष्ट्रीय दलों का कहना है कि मतदान का समय आते ही मुख्य मुकाबला भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी के बीच ही होना है। इधर, निर्दलीय प्रत्याशी संतोष रावत और अशोक चौधरी लगातार जन सम्पर्क कर अपने लिए एक-एक वोट जुटा रहे हैं। रुद्रप्रयाग नपा के रिर्टनिंग आफिसर आशीष घिल्डियाल ने बताया कि रुद्रप्रयाग नपा अध्यक्ष के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया है। चारों मैदान में है। (एजेंसी)

### क्रिकेट स्पर्धा में दो टीमें करेंगी प्रतिभाग

श्रीनगर गढ़वाल : जनपद पौड़ी के सतपुली बांघाट में हो रही क्रिकेट प्रतियोगिता में श्रीनगर नगर निगम क्षेत्र की बिल्केदार, उफल्डा की टीमें प्रतिभाग करेंगी। महिला क्रिकेट टीम के संस्थापक देवेन्द्र गौड़ ने बताया कि वह डेढ दशक से महिला क्रिकेट प्रतियोगिता करवाते आ रहे हैं। उनका मुख्य स्लोगन खेलेगी मां तो सीखेंगे बच्चे है। इस परिपाठी से आने वाले समय में हमारी बहू बेटियां राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मुकाम हासिल करेंगी। (एजेंसी)

### 5 से हस्तलेखन कार्यशाला

गोपेश्वर : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौचर में रविवार से पांच दिवसीय हस्तलेखन कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. कमलेश मिश्र ने बताया कि सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित कार्यशाला में डीएलएड के प्रशिक्षुओं और स्थानीय विद्यालयों के कक्षा चार से नौ तक पढ़ने वाले बच्चों को सम्मिलित किया गया है। कार्यशाला में मुख्य संदर्भदाता के रूप में राजकीय जूनियर हाईस्कूल करुली बागेश्वर के प्रधानाध्यापक नरेंद्र गोस्वामी को आमंत्रित किया गया है। (एजेंसी)

### पेशवाई में उत्तराखंड की संस्कृति के दर्शन भी होंगे

गोपेश्वर : महाकुम्भ प्रयागराज में देव भूमि उत्तराखण्ड के चारों धामों और यहां की संस्कृति और विरासत के भी दर्शन होंगे। ज्योतिष पीठ बदरीकाश्रम हिमालय के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरान्द महाराज की 9 जनवरी की विराट और भव्य पेशवाई में उत्तराखण्ड के चारों धामों की पवित्र झांकी और कुमाऊं गढ़वाल में पवित्र अनुष्ठानों में बजने वाले ढोल दमाऊ रणसिंगे, शंख, तुरही के स्वर और थाप भी गूजेंगे। यह जानकारी देते हुए ज्योतिर्मठ बदरिकाश्रम हिमालय के प्रभारी ब्रह्मचारी मुकुंदानन्द ने बताया कि महाकुम्भ में देव भूमि उत्तराखण्ड की देव संस्कृति और विरासत के दर्शन ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य के सानिध्य में में होंगे। 13 जनवरी से आरम्भ होने वाले महाकुम्भ में सनातन धर्म के आचार्य ज्योतिष के शंकराचार्य की भव्य पेशवाई के बारे में बताते हुए ज्योर्तिमठ के प्रभारी ब्रह्म चारी मुकुंदानन्द महाराज ने बताया 9 जनवरी को शंकराचार्य महाकुम्भ प्रयागराज पहुंचेंगे।

### गोशाला की वर्षगांठ पर होगा भव्य कार्यक्रम

विकासनगर। गो सेवा समिति की गोशाला का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्यारह खतों की सामूहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जनवरी माह में गोशाला स्थल पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन गो सेवा समिति की एक वर्ष की सफलता और समर्पण का प्रतीक होगा। बैठक में ग्यारह खतों समाल्टा, उद्पाल्टा, सिलगांव, सीली गौथान, उपलगांव, अठगांव, बाना, पंजगांव, शैली, लखवाड़ और बमटाड़ के प्रत्येक परिवार से 100 रुपये का योगदान करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

# किसानों के लिए मुख्यमंत्री धामी का प्रयास ला रहा रंग

### काश्तकारों को फायदे का सौदा साबित हो रही मशरूम की खेती



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : किसानों की आय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का प्रयास रंग लाने लगा है। ग्रामीण क्षेत्रों में मसरूम की खेती छोटे किसानों के लिए सोना साबित हो रही है। विगत दिनों ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के विजिट के दौरान मुख्यमंत्री ने चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी सहित तमाम रेखीय विभागों के अधिकारियों को ग्रामीण इलाकों में स्वरोजगार के मौके बढ़ाने के लिए कृषि और बागवानी के क्षेत्र में मशरूम उत्पादन जैसे अच्छे प्रोजेक्ट पर काम करने के निर्देश दिए थे। ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो और लोगों को स्वरोजगार मिल सके। प्रशासन द्वारा इस दिशा में काम करने पर आज मशरूम की खेती काश्तकारों के लिए संजीवनी साबित हो रही है।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में कर्णप्रयाग-भराडीसैंण क्षेत्र के गांवों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर मशरूम की खेती आरंभ की गई। जिला योजना के तहत कृषि और उद्यान विभाग के माध्यम से आदिबद्री व खेती गांव में मशरुम टनल निर्मित करने के साथ ही कुछ किसानों को योजना से जोड़ा गया। किसानों द्वारा मशरूम हार्वेस्टिंग की गई। जिसकी बाजार दर 150 रुपए प्रति किलो मिल रही है। जिला अधिकारी ने बताया कि मशरूम टनल बनाने से जंगली जानवर जो फसल को नुकसान पहुंचा रहे थे, उस पर प्रभावी रोक लगी। बताया कि आदिबद्री, मालसी, खेती, थापली आदि गांव क्षेत्रों से मशरूम टनल की मांग लगातार आ रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण क्षेत्र में काश्तकारों की आय बढ़ाने के आशय से कृषि एवं बागवानी को बढावा दिया जा रहा है।

मशरूम उत्पादन के सकारात्मक परिणाम मिल रहे है और जल्द ही पूरे क्षेत्र में अधिक से अधिक लोग इसको अपनाएंगे। कहा कि आगामी महीनों में जब मैदानी क्षेत्रों में तापमान बढ़ेगा, तब यहां की जलवायु में मशरुम का बेहतर उत्पादन होगा और किसानों को इसका अच्छा फायदा मिलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अगले चरण में स्वयं सहायता समूहों को भी इससे जोड़ा जाएगा और लोगों को प्रशिक्षण देकर प्रयास किया जाएगा कि अधिक से अधिक लोग मशरूम उत्पादन से जुड़कर स्वरोजगार को अपनाएं। मुख्य कृषि अधिकारी जेपी तिवारी ने जिले में मशरूम मॉडल के बारे जानकारी देते हुए बताया कि कर्णप्रयाग से लेकर भराडीसैंण तक के गांवों को मशरूम बेल्ट के रूप में तैयार किया जा रहा है। नवाचार के तहत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में अभी खेती गांव में शत प्रतिशत अनुदान पर 08 मशरूम टनल बनाए गए है। आदिबद्री में भी 08 मशरूम टनल बनाए जा रहे है। मशरूम टनल की एक हट में 700 कम्पोस्ट बैग रखे गए है। एक बैग में 10 किलो कम्पोस्ट में 04 किलो मशरूम उत्पादन हो रहा है। इस प्रकार तीन महीने में 700 कम्पोस्ट बैग में 2800 किलो मशरूम उत्पादन होगा। साल में तीन बार मशरूम का उत्पादन होता है। इस प्रकार एक साल में एक हट से 8400 किलो मशरूम उत्पादन होगा। एक किलो मशरूम की बाजार दर 150 रुपये है। इस प्रकार एक हट से 12.60 लाख रुपये के मशरूम उत्पादन हो होगा।



### मतदान कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : नगर निकाय चुनाव-2024 के तहत मतदान प्रक्रिया के लिए पोलिंग बूथों में तैनात मतदान कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन एनआईसी कक्ष में ई.एम.एस. सॉफ्टवेयर के माध्यम से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न की गई। कहा कि नगर निकाय चुनाव की सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से की जा रही है। चुनाव से जुड़े सभी कार्य पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न किए जाएंगे। जनपद के 07 नगर निकाय के 187 मतदेय स्थलों में तैनात 1144 कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया।

# मॉरीशस के उच्चायुक्त देव दिलियम पहुंचे परमार्थ निकेतन

ऋषिकेश। मॉरीशस के उच्चायुक्त देव दिलियम पत्नी और मित्रों के साथ परमार्थ गुरुवार को परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने गंगा आरती, योग, ध्यान सहित सत्संग में सहभाग कर गंगा के प्रति श्रद्धा और आस्था समर्पित की।

परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती से मॉरीशस के उच्चायुक्त देव दिलियम ने भेंटकर भारतीय संस्कृति और मॉरीशस के बीच के गहरे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को और भी प्रगाढ़ करते हुये विभिन्न सांस्कृतिक विषयों पर भी चर्चा की। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि भारत और मॉरीशस के बीच आध्यात्मिक संबंध प्राचीन समय से जुड़े हुए हैं। मॉरीशस में भारतीय संस्कृति और धर्म का गहरा प्रभाव है। मॉरीशस में गंगा पूजन, शिवरात्रि, होली और दीपावली जैसे पर्वों का उत्सव भी भारतीय संस्कृति की व्यापकता का उत्कृष्ट उदाहरण है। देव दिलियम की सपरिवार दो दिवसीय परमार्थ निकेतन यात्रा के अपने आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभवों को साझा करते हुये कहा कि परमार्थ निकेतन एक शांतिपूर्ण दिव्य वातावरण से युक्त आध्यात्मिक शिक्षाओं और पर्यावरणीय संरक्षण के लिये प्रसिद्ध है।

### राष्ट्रीय खेलों का होगा लाइव प्रसारण

देहरादून। उत्तराखंड में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों का लाइव प्रसारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के निर्देश के बाद खेल विभाग की ओर से इस संदर्भ में कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विदित है कि राज्य में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होना है। सरकार व खेल विभाग इसके लिए लंबे समय से तैयारियों में जुटे हुए हैं। खेल स्थानों का चयन पूरा होने के बाद अब खिलाड़ियों के चयन की भी प्रक्रिया शुरू हो गई है। जल्द ही खिलाड़ियों के चयन के लिए शुरू हुए ट्रायल भी संपन्न हो जाएंगे। इस बीच खेलों के प्रति जागरुकता के लिए खेलों की मशाल भी पूरे राज्य के भ्रमण पर निकली है।

खेल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खेलों की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है और आयोजन को भव्य बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# वार्ड 4 से सुरेंद्र की जीत तय, 25 को होगी घोषणा

रुद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग नगर पालिका में वार्ड 4 से सभासद के रूप में सुरेंद्र रावत की जीत लगभय तय हो गई है। 25 जनवरी को मतगणना के दिन इसकी विधिवत घोषणा कर दी जाएगी। फिलहाल उन्हें तब तक इंतजार करना पड़ेगा। भले ही उनके वार्ड की जनता उन्हें लगातार बधाई दे रही है। रुद्रप्रयाग नगर पालिका में कुल 7 वार्ड है जिनमें सभी वार्डों पर कई प्रत्याशी सभासद के लिए भाग्य आजमा रहे हैं। बेलनी वार्ड 4 से निर्वतमान सभासद सुरेंद्र रावत ने पर्चा दाखिल किया था। जबकि उनके विपक्ष में किसी भी नामांकन नहीं किया है। बीते दिन आवेदन पत्रों की जांच का अंतिम दिन था जिसमें उनका आवेदन पूरी तरह वैध पाया गया। ऐसे में अब उनके निर्विरोध जीत का रास्ता साफ हो गया है। उनकी जीत तय है। हालांकि जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से 25 जनवरी को इसकी विधिवत घोषणा होगी और उन्हें जीत का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। रुद्रप्राग नगर पालिका के रिर्टनिंग आफिसर आशीष घिल्डियाल ने बताया कि वार्ड 4 एक प्रत्याशी के अलावा कोई अन्य प्रत्याशी ने आवेदन नहीं किया है जिससे निर्वरोधित जीत की स्थिति पैदा होगी। इस संबंध में चुनाव आयोग को भेज दिया गया है। 25 जनवरी को मतगणना के दिन इसकी विधिवत घोषणा की जाएगी। (एजेंसी)

### तिलवाड़ा नपं में अध्यक्ष पद पर अब दो प्रत्याशी

रिटर्निंग अधिकारी नगर पंचायत तिलवाड़ा मीनल गुलाटी ने बताया कि वार्ड संख्या 04 से ममता देवी द्वारा एक ही नाम निर्देशन पत्र दाखिल होने के कारण उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है तथा किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा नाम निर्देशन पत्र वापस नहीं लिया गया। सभासद पद हेतु अब 06 उम्मीदवार तथा अध्यक्ष पद हेतु 02 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### अगस्त्यमुनि नपं में अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला

रिटर्निंग अधिकारी नगर पंचायत अगस्त्यमुनि अनीता पंवार ने बताया कि नगर पंचायत अगस्त्यमुनि सभासद पद हेतु 02 उम्मीदवार द्वारा नाम निर्देशन पत्र वापस लिया गया है जिसमें वार्ड संख्या 02 से सीमा देवी तथा वार्ड संख्या 07 से रजत शामिल हैं। अब सभासद पद हेतु 17 तथा अध्यक्ष पद हेतु 03 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### ऊखीमठ नपं में अध्यक्ष पद पर अब चार प्रत्याशी

रिटर्निंग अधिकारी नगर पंचायत ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि नगर पंचायत ऊखीमठ में सभासद पद हेतु 02 उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र वापस लिया गया है, जिसमें वार्ड संख्या 03 से सौरभ तथा वार्ड संख्या 04 से जगमोहन ने नाम निर्देशन पत्र वापस लिया है। अब सभासद पद हेतु 07 तथा अध्यक्ष पद हेतु 04 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### गुप्तकाशी में अध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशी मैदान में

रिटर्निंग अधिकारी गुप्तकाशी खुशवंत सिंह चौहान ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र वापसी के दिन किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम निर्देशन पत्र वापस नहीं लिया गया है।

# चारों धामों की आंतरिक व्यवस्था और हक हकूकों से न हो छेड़छाड़

देहरादून। चार धाम यात्रा प्राधिकरण को लेकर आम राय बनाने को सचिवालय में गुरुवार को अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई। तीर्थ पुरोहितों समेत अन्य हित धारकों ने साफ किया कि धामों की आंतरिक व्यवस्था, पूजा पद्धति और हक हकूकों से किसी भी तरह की छेड़छाड़ न की जाए। प्राधिकरण यदि देवस्थानम बोर्ड का दूसरा स्वरूप होगा, तो इसका विरोध होगा। एसीएस आनंद बर्द्धन की ओर से साफ किया गया कि प्राधिकरण पूरी तरह देवस्थानम बोर्ड से अलग है।

सचिवालय में हुई बैठक में सरकार की ओर से यात्रा प्राधिकरण का खाका सामने रखा गया। चारधाम यात्रा के सफल संचालन, प्रस्तावित चारधाम यात्रा प्राधिकरण पर तीर्थ पुरोहितों के संघ, संबंधित होटल एसोसिएशन, पंडा पंचायतों और इससे जुड़े हुए विभिन्न हितधारकों के साथ जानकारी साझा की गई। एसीएस आनंद बर्द्धन ने साफ किया कि यात्रा प्राधिकरण का उद्देश्य यात्रा से जुड़ी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना है। इसके लिए तीन स्तरीय व्यवस्था की गई है। पहले स्तर पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है। जो समय समय पर व्यवस्थाओं को अहम फैसले लेगी।

दूसरी समिति मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित की गई है। जो विभागीय समन्वय के साथ व्यवस्थाओं का एक मजबूत खाका तैयार करेगी। तीसरी समिति कमिश्नर गढ़वाल की अध्यक्षता में बनेगी। जो धरातल पर सभी विभागों के समन्वय बना कर व्यवस्थाओं को मूर्तरूप देगी। प्राधिकरण व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन पर फोकस करेगा। सभी हित धारकों को प्राधिकरण का ड्राफ्ट जल्द उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस पर उनके सुझाव लेकर आगे ड्राफ्ट को फाइनल रूप दिया जाएगा। प्राधिकरण चारों धामों में आवागमन की सुगम कनेक्टिविटी, पंजीकरण और आम यात्रियों के दर्शन की सहजता का इंतजाम सुनिश्चित कराएगा। पार्किंग, शौचालय, स्वच्छता और सुरक्षा की व्यवस्थाएं मजबूत करेगा। इन्हीं बिंदुओं पर सुझाव लिए गए। सचिव सचिन कुर्वे ने कहा कि किसी को भी संशकित होने की जरूरत नहीं है।

बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमान, सचिव सचिन कुर्वे, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडेय, पुलिस महानिरीक्षक डॉ. वी मुरुगेशन, अध्यक्ष तीर्थ पुरोहित संघ बद्रीनाथ उमानंद सती, अध्यक्ष बद्रीनाथ पंडा पंचायत प्रवीण ध्यानी, अध्यक्ष उत्तराखंड तीर्थ पुरोहित महापंचायत सुरेश सेमवाल, महासचिव उत्तराखंड तीर्थ पुरोहित महापंचायत डॉ बृजेश सती, अध्यक्ष संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति नवीन चंद रमोला, अध्यक्ष होटल एसोसिएशन गंगोत्री अनिल नौटियाल, अध्यक्ष होटल एसोसिएशन यमुना घाटी शोभन सिंह राणा, सचिव मंदिर समिति यमुनोत्री सुनील उनियाल आदि मौजूद रहे।

**धामों की आंतरिक व्यवस्था में न दिया जाए दखल**

महापंचायत के प्रतिनिधियों ने बैठक में कहा कि धामों की आंतरिक व्यवस्था और पूजा पाठ समेत हक हकूकों में किसी भी तरह का दखल न दिया जाए। जैसा की देवस्थानम बोर्ड में किया गया था। महासचिव बृजेश सती ने कहा कि सदियों से जो आंतरिक व्यवस्था चली आ रही है, उसमें किसी तरह का दखल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महापंचायत प्राधिकरण का ड्राफ्ट मिलने के बाद अपने सुझाव देगी।

**श्रद्धालुओं की संख्या न हो निर्धारित**

बैठक में चार धाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या निर्धारित न किए जाने की मांग की गई। महापंचायत ने कहा कि देश भर में किसी भी धाम में श्रद्धालुओं के दर्शन करने की कोई संख्या निर्धारित नहीं होती।

### एमडी से बोले कर्मचारी, बसों की मरम्मत के लिए नहीं है शेड

देहरादून। रोडवेज की नई प्रबंधक निदेशक रीना जोशी ने ट्रांसपोर्टनगर स्थित वर्कशॉप का निरीक्षण किया। इस दौरान बसों की मरम्मत करने वाले तकनीकी कर्मचारियों ने एमडी को अपनी समस्याएं बताई। बताया कि बसों की मरम्मत के लिए शेड और डक नहीं है। बरसात के दौरान परिसर में पानी भर जाता है। जिस कारण बसों की मरम्मत में दिक्कत होती है।

एमडी ने कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर वर्कशॉप का काम कर रही कार्यदायी संस्था मंडी परिषद के इंजीनियर और ठेकेदार को मौके पर बुलाया। उन्होंने सभी समस्याएं दूर करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गुणवत्ता के साथ समय पर काम करने के निर्देश दिए। एडीएम ने कर्मचारियों से बसों की मरम्मत को लेकर भी जानकारी ली। इस मौके पर महाप्रबंधक (संचालन) पवन मेहरा, मंडलीय प्रबंधक (तकनीकी) जेके शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जनजागरण यात्रा के बाद दून लौटा अभियान दल

देहरादून। स्वामी विवेकानंद की स्मृति में दून से रवाना हुई सनातन जनजागरण यात्रा 1100 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर दून लौट आई है।

इस यात्रा को संस्कार परिवार देहरादून द्वारा डॉ.विपिन जोशी के संयोजन में निकाला गया था। स्वामी विवेकांनद 125 साल पूर्व काठगोदाम से अद्वैत आश्रम लोहाघाट तक की गई पदयात्रा की स्मृति में निकाली गई इस यात्रा को सफलता से पूरा कर दून लौटने पर यात्रा दल सदस्यों ने टपकेश्वर महादेव मंदिर और माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की। 28 दिसंबर को प्रातः दून में राजपुर रोड स्थित प्राचीन बावड़ी शिव मंदिर से इस यात्रा को श्री राम कृष्ण मिशन आश्रम किशनपुर के संतों ने विधिवत रवाना किया था। अभियान संयोजक आचार्य बिपिन जोशी ने बताया कि इस दौरान 1100 किलोमीटर की यात्रा कर 5 दिनों तक सनातन जनजागरण अभियान चलाया गया। जगह–जगह पदयात्रा, योग, ध्यान, सत्संग, भजन कीर्तन, जयकारों के साथ लोगों को प्राचीन ऋषि मुनि परंपरा और स्वामी विवेकांनद के विचारों से अवगत कराया गया। लोगों से स्वरोजगार और देवभूमि की अमूल्य संस्कृति और संस्कारों को आत्मसात करने का भी आग्रह किया गया।

12 जनवरी स्वामी विवेकांनद की जन्म जयंती पर राजपुर रोड स्थित श्री राम कृष्ण मिशन आश्रम में विभिन्न क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस यात्रा में समाजसेवी कमल सिंह जीना, विकास किरौला, विजय भट्ट, सोबन सिंह बिष्ट, गोपाल सिंह बिष्ट, गोपाल सिंह नेगी, पूरन शर्मा, मथुरा दत्त जोशी, भगवती जोशी, रोशन राणा, जितेंद्र मालिक, नीरज चौधरी ने सहयोग किया।



### धारचूला पहुंची मशाल रैली का हुआ भव्य स्वागत

पिथौरागढ़। धारचूला पहुंची 36वें राष्ट्रीय खेलों की मशाल रैली का भव्य स्वागत हुआ। प्रभारी निरीक्षक विजेन्द्र शाह के नेतृत्व में पुलिस कर्मचारियों ने मशाल रैली का स्वागत करते हुए तस्वीरें ली। बाद में प्रभारी निरीक्षक ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए लोगों से नशा न करने की अपील की।

### दिव्यांगों के लिए सीएस कार्यालय में लिफ्ट की सुविधा

देहरादून। मुख्य सचिव कार्यालय में दिव्यांग लोगों की सुविधा के लिए भूतल से लिफ्ट की सुविधा हो गई है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने पिछले दिनों सचिवालय प्रशासन को यह निर्देश दिए थे। अब मुख्य सचिव कार्यालय तक लिफ्ट की व्यवस्था होने से प्रतिदिन राज्य के दूर दराज क्षेत्रों से अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्य सचिव से मिलने वाले दिव्यांग फरीयादियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। दिव्यांगजन अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सीधे मुख्य सचिव से उनके कार्यालय में मुलाकात कर पाएंगे। विदित है कि अब तक मुख्य सचिव रतूड़ी दिव्यांगजन फरियादियों की समस्याओं को जानने के लिए सचिवालय परिसर में स्वयं उनके पास पहुंचती थी।

# श्रीमद्भागवत गीता श्लोकवाचन में ऋषभ और अर्जित विजेता

देहरादून। गीताभवन राजा रोड में उत्तराखंड की विद्वत सभा द्वारा आयोजित वार्षिक श्रीमदभगवदगीता श्लोक वाचन प्रतियोगिता में आधुनिक माध्यम से अध्ययनरत प्रतिभागियों में ऋषभदेव थपलियाल और संस्कृत अध्ययनरत प्रतिभागियों में अर्जित नारायण उनियाल विजेता रहे।

सनातन धर्म सभा गीता भवन टपकेश्वर महादेव मंदिर के महंत कृष्ण गिरी महाराज और उत्तराखंड विद्वत सभा के पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि आचार्य बदरीनाथ धाम के पूर्व धर्माधिकारी जगदम्बा प्रसाद सती ने वैदिक वर्चस्व को बढ़ाने पर बल देते हुए गीता की दृष्टि से धर्म को परिभाषित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभा अध्यक्ष आचार्य विजेंद्र प्रसाद ममगाईं ने कहा कि सभा का वर्तमान नेतृत्व पुराने और नये सभी विद्वजनों को जोड़ने का प्रयास कर रहा है। कथा वाचक आचार्य शिव प्रसाद ममगाईं, डॉ. शशांक डिमरी ने भी सभा के प्रति अपनी सहभागिता और प्रतिबद्धता को व्यक्त किया। भगवान परशुराम चतुर्वेद विद्यालय के प्राचार्य आचार्य भरत राम तिवारी ने अपने वक्तव्य से छात्रों को गीता के प्रति अभिमुख किया। इससे पहले आधुनिक माध्यम से अध्ययनरत प्रतिभागियों में प्रथम स्थान – ऋषभदेव थपलियाल, द्वितीय स्थान वैदेही, तृतीय स्थान दिव्यांशी सेमवाल ने प्राप्त किया। संस्कृत माध्यम से अध्ययनरत प्रतिभागियों में प्रथम स्थान अर्जित नारायण उनियाल, द्वितीय अनिकेत गौड़, तृतीय पंकज उनियाल रहे। निर्णायक मंडल में तुलसी राम पैन्यूली, जमुना प्रसाद पैन्यूली, डॉ. संदीप रतूड़ी, भगवती प्रसाद थपलियाल, सुभाष चमोली शामिल रहे। मंच संचालन महासचिव दिनेश प्रसाद भट्ट ने किया। सनातन धर्म गीता भवन प्रबंधक राकेश ओबरॉय सभा के कार्यों की प्रशंसा की। मौके पर कमलेश उनियाल, आचार्य कृष्ण चंद्र ढकाल, पवन शर्मा, सुभाष जोशी, उपाध्यक्ष सत्यप्रसाद सेमवाल, प्रवक्ता मुकेश पंत, कोषाध्यक्ष अजय डबराल, सह सचिव मुरलीधर सेमवाल, सलाहकार राजेश अमोली, लेखा निरीक्षक उमेश भट्ट, धीरज मैठाणी, दीपक अमोली, परशुराम उनियाल, आदित्य राम थपलियाल, भुवनेश थपलियाल उपस्थित रहे।

# नानकमत्ता में भाजपा प्रत्याशी प्रेम सिंह निर्विरोध चेयरमैन बने




रुद्रपुर। नानकमत्ता नगर पंचायत में भाजपा प्रत्याशी प्रेम सिंह टुरना निर्विरोध चेयरमैन बन गए हैं। निर्दलीय प्रत्याशी मनोज कुमार के नाम वापिसी के बाद प्रेम सिंह टुरना अकेले प्रत्याशी मैदान में रह गए थे। आरओ एएस नेगी ने नामांकन वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद प्रमाण पत्र जारी कर दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रेम सिंह टुरना का माल्यार्पण कर स्वागत किया। गुरुवार को नामांकन पत्र वापसी का अंतिम दिन था। नानकमत्ता में दो प्रत्याशी प्रेम सिंह टुरना और मनोज कुमार के नामांकन पत्र वैध थे। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी सुखविंदर सिंह खिण्डा का नामांकन बुधवार को निरस्त हो चुका था। गुरुवार को अपराह्न 3.30 बजे मनोज कुमार भाजपा प्रत्याशी प्रेम सिंह टुरना, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, छगन लाल अग्रवाल, भुवन जोशी, जगदीश जोशी समेत कार्यकर्ता मनोज कुमार के साथ आरओ कार्यालय पहुंचे। यहां मनोज कुमार ने आरओ एएस नेगी के समक्ष प्रार्थना पत्र देकर अपना नामांकन वापस ले लिया। आरओ कार्यालय से बाहर निकलकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रेम सिंह टुरना को माला पहनाकर बधाई दी।

**मुधर व्यवहार के लिए जाने जाते हैं प्रेम सिंह टुरना**

प्रेम सिंह टुरना पिछले कार्यकाल में भी नगर पंचायत नानकमत्ता के अध्यक्ष रहे थे। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर मधुर व्यवहार के लिए जाने जाते हैं।

# हिमालयन हॉस्पिटल में 31 तक उठाएं मुफ्त ओपीडी का लाभ

ऋषिकेश। हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट की ओर से सामान्य ओपीडी में आने वाले रोगियों को निशुल्क पंजीकरण और स्वास्थ्य परामर्श दिया जाएगा। 31 जनवरी तक अस्पताल में सामान्य ओपीडी सेवाओं को निशुल्क किया गया है। स्वामी राम हिमालयन विवि (एसआरएचयू) के अध्यक्ष डॉ. विजय धस्माना ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 31 जनवरी तक हिमालयन अस्पताल की सामान्य ओपीडी सेवाओं को निशुल्क रखा गया है। निशुल्क ओपीडी सुबह 8.30 बजे से प्रारंभ होगी और शाम 4 बजे तक चलेगी। डॉ. धस्माना ने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में लोग खुद ही घरेलू उपचार करने लग जाते हैं। प्रतिवर्ष 4 लाख से अधिक मरीज उपचार के लिए हिमालयन अस्पताल आते हैं। आंकड़े बताते हैं कि गुणवत्तापरक और अत्याधुनिक स्वास्थ्य तकनीकियों से सुसज्जित हिमालयन अस्पताल पर लाखों मरीजों का भरोसा है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा अस्पताल की निशुल्क सेवा का लाभ उठाने की बात कही है।अध्यक्ष डॉ. विजय धस्माना ने बताया कि अस्पताल आने वाले रोगियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। अधिक जानकारी के लिए फोन नम्बर 0135–2471202, 8194009605 पर संपर्क कर सकते हैं। उपलब्ध निशुल्क सामान्य ओपीडी सेवा : अध्यक्ष डॉ. विजय धस्माना ने बताया कि जनरल मेडिसिन, सर्जरी, हड्डी, छाती एवं सांसव, त्वचा, स्त्री एवं प्रसूति, कान, नाक, गला (ईएनटी), नेत्र, बाल, मनोरोग की ओपीडी में आने वाले मरीजों का निशुल्क पंजीकरण करने के साथ स्वास्थ्य परामर्श दिया जायेगा।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com